

स्वच्छता उत्सव... पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्ष: 10 | अंक: 323 | जयपुर, बुधवार 03 जून, 2026 | मूल्य: 2 रुपए | पृष्ठ: 4




बूंदी कांग्रेस जिलाअध्यक्ष... पेज 2


# राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर वैट कटौती पर फैसला जल्द संभव

## पेट्रोलियम डीलर्स और सरकार के बीच हुई बैठक, लोगों को मिल सकती है राहत

**जयपुर।** राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर वैट कटौती की मांग को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स और सरकार के बीच हुई अहम बैठक सकारात्मक रही। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने ईंधन की आपूर्ति सही रखने के निर्देश दिए। साथ ही वैट कम करने के मुद्दे पर सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द फैसले का भरोसा दिलाया। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार शाम को बैठक हुई। बैठक में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति, कंज्यूमर पंपों की व्यवस्था, नायरा कंपनी द्वारा डीजल सप्लाई और प्रदेश में वैट कटौती जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सरकार ने पेट्रोलियम कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जल्द ही ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

### पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित नहीं हो

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को निर्देश दिए कि राजस्थान में किसी भी परिस्थिति में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित नहीं हो। अगर किसी क्षेत्र में आपूर्ति संबंधी समस्या है तो उसे जल्द दूर कर सप्लाई व्यवस्था को मजबूत बनाया



जाए। सरकार ने कहा- आमजन और किसानों को ईंधन की उपलब्धता में किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वहीं कंज्यूमर पंपों को लेकर भी महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। बैठक में तय किया गया कि पेट्रोल पंप सीधे ऑयल कंपनियों से ही ईंधन लेंगे। इसके लिए ऑयल कंपनियां प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की सूची तैयार कर सरकार को उपलब्ध कराएगी। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि कौन-कौन से पंप अभी सीधे कंपनियों से ईंधन नहीं ले रहे हैं। बैठक में नायरा कंपनी की ओर से प्रदेश में डीजल की आपूर्ति नहीं करने का मुद्दा भी उठाया। इस पर मुख्य सचिव ने कंपनी को जल्द डीजल सप्लाई की व्यवस्था के निर्देश दिए।

पेट्रोलियम कारोबारियों ने इसे राहत देने वाला कदम बताया।

### एसोसिएशन ने कहा- वैट अधिक होने से पड़ोसी राज्यों से लोग लेते पेट्रोल-डीजल

पेट्रोल और डीजल पर वैट की दरों को लेकर चर्चा हुई। **RPDA** ने सरकार के सामने आंकड़ों को पेश करते हुए कहा कि राजस्थान में पड़ोसी राज्यों की तुलना में वैट अधिक होने के कारण बड़ी मात्रा में ईंधन की बिक्री पड़ोसी राज्यों में शिफ्ट हो रही है। एसोसिएशन ने तर्क दिया कि अगर वैट में कटौती की जाती है तो सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होगा, बल्कि बिक्री बढ़ने से राजस्व में वृद्धि की संभावना बनेगी। डीलर्स ने कहा- वैट कम होने से किसानों, परिवहन क्षेत्र और आम उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत मिलेगी। **RPDA** ने जल्द फैसले के लिए सरकार और पेट्रोलियम कारोबारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव भी दिया। मुख्य सचिव ने एसोसिएशन को विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार वैट कटौती के मुद्दे को लेकर गंभीर है। इस संबंध में सरकार के स्तर पर रिव्यू कराया जा रहा है।

# राजस्थान में इंडस्ट्रियल एरिया में बनेंगे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

## खेल सुविधाएं समेत प्लग एंड प्ले सेंटर बनेंगे; 10 जिलों में होगी सुविधा




**जयपुर।** राज्य के अलग-अलग इंडस्ट्रियल एरिया में अब कर्मचारियों और स्थानीय युवाओं को खेल सुविधाएं भी मिलेंगी। इसके लिए रीको ने 10 जिलों के 15 प्लॉट रेंटल आधार पर आवंटित किए हैं। इनमें 12 प्लॉट पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अन्य खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जबकि 3 प्लॉट पर प्लग एंड प्ले सेंटर बनाए जाएंगे। रीको की इस पहल का उद्देश्य इंडस्ट्रियल एरिया में बेहतर सुविधाएं विकसित करने के साथ नए उद्यमियों को तेजी से बिजनेस शुरू करने का अवसर देना है। ई-बिडिंग प्रक्रिया के बाद इन प्लॉटों का चयन किया गया है और इन्हें 15 साल की अवधि के लिए रेंट पर दिया जा रहा है। नियमानुसार इसके बाद 10 साल का विस्तार भी किया जा सकेगा।

### क्या है प्लग एंड प्ले सुविधा

प्लग एंड प्ले ऐसी व्यवस्था है, जिसमें उद्यमियों को तैयार भवन और जरूरी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इससे उन्हें भवन निर्माण या अन्य शुरुआती व्यवस्थाओं में समय और पैसा खर्च नहीं करना पड़ता और वे कम समय में अपना बिजनेस या इंडस्ट्री शुरू कर सकते हैं। जयपुर के सीतापुरा फेज-तृतीय, जोधपुर के बोरानाडा एग्रो फूड पार्क और कोटा के रानपुर एग्रो फूड पार्क में इसके लिए प्लॉट आवंटित किए गए हैं।

### इन क्षेत्रों में विकसित होंगी खेल सुविधाएं

स्पोर्ट्स सुविधाओं के लिए जयपुर के सीतापुरा फेज-तृतीय, अपैरल पार्क और बगरू (छितरौली), कोटा के इंद्रप्रस्थ, जोधपुर के बोरानाडा, सिरोही के आबूरोड (अर्बुदा), खैरथल-तिजारा के भिवाड़ी (कारोली), झुंझुनूं-द्वितीय, अजमेर के किशनगढ़, पाली फेज-4, सवाई माधोपुर के खेरड़ा और सीकर के रींगस विस्तार इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटित किए गए हैं। यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अन्य खेल गतिविधियों से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# बाड़मेर और जैसलमेर में आंधी-तूफान से 3 की मौत

## रिसोर्ट की दीवार गिरी, मकान भी ढहे; 19 जिलों में बारिश का अलर्ट




**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण मौसम बदल गया है। आंधी-बारिश से कारण गर्मी और लू से राहत मिली है। तापमान भी सामान्य से 5 डिग्री नीचे आया है। मौसम विभाग ने 19 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसका असर 5 जून तक रहेगा। वहीं, सोमवार को जैसलमेर और बाड़मेर में हुए अलग-अलग हादसों में दो बच्चों सहित 3 लोगों की मौत हो गई।

# राजस्थान में 25 हजार पदों पर भर्ती होगी: पहले 5 साल संविदा पर करना होगा काम, अच्छे प्रदर्शन पर मिलेगी पक्की नौकरी

**जयपुर।** राजस्थान में जल्द ही करीब 25 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती होगी। सफाईकर्मी पद पर अब सीधे स्थायी नौकरी नहीं मिलेगी। इसमें सिलेक्ट अभ्यर्थियों को पहले 5 साल संविदा पर काम करना होगा। इस दौरान अच्छे प्रदर्शन और अनुशासन की समीक्षा के बाद ही उन्हें नियमित (परमानेंट) किया जाएगा। लंबे समय से विवादों में घिरी सफाईकर्मी भर्ती के लिए सरकार ने यह नया मॉडल तैयार किया है। स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान संविदा भर्ती नियम-2022 के तहत सफाईकर्मियों की भर्ती करने की तैयारी में है। इसके लिए भर्ती विज्ञप्ति जल्द जारी की जाएगी।

### दो बार करनी पड़ी थी रद्द

दरअसल, पिछले 5 साल से सफाईकर्मी भर्ती विवादों में घिरी रही है। अनुभव प्रमाण-पत्रों को लेकर विवाद, फर्जी डॉक्यूमेंट की शिकायतें और प्राथमिकता को लेकर उठे विवादों के कारण भर्ती प्रक्रिया को दो बार रद्द करना पड़ा था। पिछली कांग्रेस सरकार के समय 13 हजार 184 पदों पर निकाली गई भर्ती को अप्रैल 2023 में वापस ले लिया गया था। इसके बाद बीजेपी सरकार ने भर्ती की घोषणा की, लेकिन अगस्त 2024 में 23 हजार 820 पदों की भर्ती प्रक्रिया भी निरस्त करनी पड़ी।



### कर्मचारी संगठनों और निकायों से लिए सुझाव

विभागीय अधिकारियों के अनुसार- भर्ती की गाइडलाइन तैयार की जा रही है। इसके लिए कर्मचारी संगठनों और नगरीय निकायों से सुझाव लिए गए हैं। भर्ती को सरकार के सालाना कैलेंडर में शामिल किया जा चुका है। ऐसे में जल्द ही भर्ती विज्ञप्ति जारी कर दी जाएगी। स्वायत्त शासन विभाग के सचिव रवि जैन ने बताया- संविदा कर्मचारी को निर्धारित फिक्स वेतनमान दिया जाएगा। पांच साल तक उनके कार्य, अनुशासन और जिम्मेदारियों को देखते हुए मूल्यांकन होगा।

### भर्ती में किसी समाज को प्राथमिकता नहीं

सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने को लेकर पूछे गए सवाल पर रवि जैन ने बताया- भर्ती प्रक्रिया में किसी विशेष समाज को प्राथमिकता देने का फिलहाल प्रावधान नहीं रखा है। भर्ती प्रक्रिया में नियुक्तियां सामान्य रिजर्वेशन व्यवस्था के तहत की जाएंगी। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सहित सभी पात्र वर्गों को नियमानुसार आरक्षण का फायदा मिलेगा।

### कर्मचारियों से सफाई के काम ही कराएंगे

सचिव रवि जैन ने बताया- सफाईकर्मी पद पर नियुक्त कर्मचारियों से केवल सफाई संबंधी काम ही करवाए जाएंगे। कई निकायों में सफाईकर्मियों को कार्यालयों में चपरासी, ऑफिस बॉय या अन्य प्रशासनिक काम में लगाए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इसे देखते हुए सभी नगर निगम आयुक्त और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि सफाईकर्मियों को उनके मूल काम पर ही लगाया जाए। ताकि शहरों की सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो।

# बोर्ड-निगमों से सरकारी नौकरी में आने वालों को पे-प्रोटक्शन नहीं

## वित्त विभाग ने कहा- निकाय, पंचायीतराज संस्थाओं में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी नहीं

**जयपुर।** प्रदेश के बोर्ड, निगमों, पंचायतीराज संस्थाओं और दूसरी गैर सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों के सीधी भर्ती से सरकारी नौकरी में आने पर उन्हें पे-प्रोटक्शन का लाभ नहीं मिलेगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों को सर्कुलर जारी कर इसका कड़ाई से पालन करने को कहा है। इन कर्मचारियों के पिछले संस्थान में मिले आखिरी वेतन के हिसाब से नई सैलरी तय नहीं होगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों को सर्कुलर जारी कर बताया- 1 सितंबर 2025 को जारी प्रावधानों के अनुसार प्रदेश के PSUs, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, निगम बोर्ड के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। यदि ऐसे कर्मचारी सीधी भर्ती से सरकारी सेवा में चयनित होकर आते हैं तो उन्हें उनकी आखिरी सैलरी के हिसाब से वेतन तय करना मंजूर नहीं किया जाएगा। राजस्थान सेवा नियम-1951 के नियम 24 और 26 के तहत पे-प्रोटेक्शन का फायदा नहीं मिलेगा। बोर्ड, निगमों और पंचायतीराज संस्थाओं में काम करने वाले कर्मचारी सीधी भर्ती से सरकारी नौकरी में आते हैं तो अब उनका वेतन कम भी हो सकता है। पुराने संस्थान में आखिरी सैलरी के बराबर वेतन फिक्स होने के पुराने प्रावधानों का फायदा नहीं मिलेगा।



### कई विभागों ने पे-प्रोटक्शन दिया, वित्त विभाग ने आपत्ति जताई

वित्त विभाग ने ताजा सर्कुलर में विभागों को लिखा कि साफ प्रावधान होने के बावजूद वित्त विभाग को अभी भी राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं में मिलने वाले आखिरी वेतन के हिसाब से पे-प्रोटक्शन की मांग के रेफरेंस भेजे जा रहे हैं। कुछ मामलों में विभागों ने हाईकोर्ट के फैसले को लागू कर दिया है। राज्य सरकार की तरफ से हाईकोर्ट के फैसलों को लागू करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना अंतिम वेतन को संरक्षित कर दिया है।

### पहले प्री-लिटिगेशन कमेटी से जांच जरूरी

वित्त विभाग के सर्कुलर के अनुसार- तय प्रक्रिया के आधार पर ऐसे फैसलों की पहले प्री-लिटिगेशन कमेटी से जांच की जानी जरूरी है। इसके बाद अपील दायर करने या फैसले को लागू करने के लिए वित्त विभाग की मंजूरी लेना अनिवार्य है।

### कड़ाई से पालना के निर्देश

वित्त विभाग ने सभी विभागों को नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। विभागों को कहा गया है कि वे हाईकोर्ट या अपीलेट ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ अपील दायर करने या उसे लागू करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से तय प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करें।

# गर्मी में बीकानेरी रसगुल्लों की बिक्री 70% घटी

## पेड़-पौधे जले: भुजिया की डिमांड पूरी करने के लिए 50 डिग्री में तप रहे कारीगर

**बीकानेर।** नौतपा का आज (मंगलवार) अंतिम दिन है। सरहदी इलाके बीकानेर में भले ही दो दिनों की आंधी-बारिश ने पारे को 46.6 डिग्री से नीचे गिराकर थोड़ी राहत दी हो, लेकिन अब उमस ने



मुश्किल कर दिया है। भीषण गर्मी का सीधा असर बीकानेर की लाइफलाइन माने जाने वाले खान-पान उद्योग और पर्यटन पर पड़ा है। यहां के मशहूर बीकानेरी रसगुल्लों का उत्पादन और बिक्री 70 फीसदी तक औंधे मुंह गिरी है। थाली की शान भुजिया को बनाने के लिए कारीगर 50 डिग्री की जानलेवा भट्ठी के पास तप रहे हैं।

### 50डिग्री की भट्ठी पर तप रहे कारीगर

आचार्यों के चौक में भुजिया बनाने वाले ऋषि पुरोहित बताते हैं- बाहर भले ही पारा 46 डिग्री हो, लेकिन हमारी भट्ठी और कड़ाही के पास का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। इस गर्मी में वहां खड़े रहना भी सजा जैसा है। हम भट्ठी बंद नहीं कर सकते। अकेले मेरी दुकान से रोजाना 100 किलो भुजिया बिकती है। बीकानेर में ऐसी 100 से ज्यादा दुकानें हैं।

# बेनीवाल बोले- मदन राठौड़ माफी मांगे,नहीं तो कानूनी कार्रवाई करेंगे: लीगल नोटिस भेजा, कहा- बयान से छवि को पहुंचा नुकसान

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल के बीच चल रही सियासी तल्खी अब कानूनी लड़ाई में बदलती नजर आ रही है। बेनीवाल ने राठौड़ को लीगल नोटिस भेजकर आरोप लगाया कि उनके बयानों से मेरी राजनीतिक और सामाजिक छवि



को नुकसान पहुंचा है। साथ ही सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए जवाब नहीं मिलने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। आरएलपी प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को लीगल नोटिस भेजकर उनके खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई है। बेनीवाल ने आरोप लगाया कि राठौड़ द्वारा सार्वजनिक मंचों और मीडिया में दिए गए बयानों से उनकी व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा। नोटिस में कहा गया कि बिना पर्याप्त तथ्यों और प्रमाणों के लगाए गए आरोप न केवल मानहानिकारक हैं, बल्कि समाज में भ्रम और वैमनस्य की स्थिति भी पैदा कर सकते हैं। बेनीवाल ने कहा- जिम्मेदार राजनीतिक पद पर बैठे व्यक्ति से संयमित और तथ्यपरक आचरण की अपेक्षा की जाती है, लेकिन राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से दिए गए कुछ बयान भ्रामक, उत्तेजक और तथ्यहीन रहे हैं। आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने नोटिस में दावा किया कि मदन राठौड के बयानों के कारण जनता के बीच गलत संदेश गया है। मेरे समर्थकों सहित विभिन्न सामाजिक वर्गों में अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। नोटिस के अनुसार संबंधित टिप्पणियां न केवल मेरी प्रतिष्ठा को प्रभावित करती है।

## हीट एक्शन डे' पर गर्मी व लू से बचाव के उपायों के साथ आमजन को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति किया जागरूक

### जिले में स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह का संचालन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर द्वितीय।** जिले में 01 जून से 07 जून तक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 02 जून, मंगलवार को हीट एक्शन डे मनाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हीट एक्शन डे पर चिकित्सा संस्थानों में गर्मी व लू से बचाव के उपायों के साथ आमजन को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे शीतलन व्यवस्था, ओआरएस, आवश्यक दवाएं और आपातकालीन प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि प्रतिवर्ष वैश्विक स्तर पर 02 जून को हीट एक्शन डे मनाया जाता है ताकि आमजन को गर्मी और लू से बचाव के साथ मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाले गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। आगामी 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## विधायक डॉक्टर शैलेश सिंह ने सड़कों का किया लोकार्पण



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा।** डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मिसिंग लिंक व नॉन पैचेबल योजना में लगभग 373 लाख रुपये से निर्मित तमरेर से कूम्हा, संपर्क सड़क सैंत कोंरेर सड़क से करेनुआ, चक सितारा से बदनगढ़, संपर्क सड़क से सुपावस, संपर्क सड़क रीठोटी से धनसौटी व सिनसिनी से उसरानी सड़कों का लोकार्पण कर आमजन को सुपुर्द किया। विधायक डॉ सिंह ने इन लोकार्पणों में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र में ढाई वर्षों में हुए विकास कार्यों व वर्तमान में प्रगतिरत विकास कार्यों पर प्रकाश डाला व केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को बताया। इन कार्यक्रमों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, सतीश बंसल, कुम्हेर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान कुम्हेर देवी सिंह, अजान गुनसारा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, डीग ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कोंरेर, डॉ गुलाब शर्मा सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठकः हर घर जल प्रमाणीकरण एवं जल सेवा आकलन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश


**जयपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् प्रतिभा वर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित जल सेवा आकलन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक सुधार हेतु कार्ययोजना तैयार कर अनुमोदन के लिए समय पर प्रेषित की जा सके। बैठक में जलापूर्ति व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। बैठक में जिले में संचालित जल सेवा आकलन कार्यक्रम एवं लंबित हर घर जल प्रमाणीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों के साथ ग्राम पंचायतों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में हर घर जल प्रमाणीकरण से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए सरपंच संघ द्वारा विद्युत बिलों के भुगतान एवं योजनाओं के संचालन एवं संधारण से संबंधित विषय उठाए गए। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित कार्य, जल जीवन मिशन 1.0 के शेष कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात ही प्रारंभ किए जा सकेंगे। अधिकारियों ने सरपंच संघ से हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया, जिस पर सरपंच संघ द्वारा सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## सुरीला कारवां में शहर के शौकिया और प्रोफेशनल सिंगर्स करेंगे परफॉर्म

### महाराणा प्रताप सभागार में 14 को होगा कार्यक्रम

**जयपुर।** संकल्प कल्चरल सोसायटी का लाइव आर्केस्ट्रा म्यूजिकल प्रोग्राम सुरीला कारवां 14 जून को यहां महाराणा प्रताप सभागार में संजोया जाएगा। संस्था संस्थापक व चेयरमैन राजेश शर्मा ने बताया कि देश के मशहूर ऑर्केस्ट्रा डो-रे-मी के साथ शहर के कई नामी प्रोफेशनल्स और शौकिया सिंगर्स परफोर्मेंस देंगे। संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जया शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राजेश शर्मा, डॉ. साकेत माथुर, सुमंत मुखर्जी, शिखा माथुर, विनय शर्मा, कविता आर्य, कीर्ति शर्मा, जया शर्मा, सतीश जैन, जया शर्मा, किशोर सरावगी, अनिल कुमार शर्मा,निकिता बंसल, सरिता काला,शीना माथुर, नवीन अग्रवाल, राम माहेश्वरी, हेमन्त सोनखिया, विनय डुढोरिया, अश्विनी कुमार वाधवा प्रस्तुति देंगे। प्रोफेशनल सिंगर्स में दो पुरुष और तीन महिला तथा पन्द्रह शौकिया कलाकार संकल्प कल्चरल सोसायटी के होंगे, जो अपने मीठे तरुन्नुम से शहर के लोगों के दिलों को छुएंगे। कार्यक्रम में मशहूर साउंड रिकॉर्डिस्ट, मेंडोलिन व गिटारिस्ट विवेक उपाध्याय को सम्मानित करेगी।

# स्वच्छता उत्सव के तहत वार्ड 79 में विशेष सफाई अभियान, कचरा डिपो बना क्षेत्र हुआ स्वच्छ



विजय लोट





दीपचंद एसआई

**जयपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता उत्सव के अवसर पर नगर निगम जयपुर के मालवीय नगर जोन द्वारा वार्ड संख्या 79 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सीएसआई विजय लोट ने किया, जबकि एसआई दीपचंद के निर्देशन में सफाई कर्मचारियों की टीम ने लंबे समय से कचरा डिपो के रूप में उपयोग हो रहे क्षेत्र की व्यापक सफाई की। राजपूत कॉलोनी, गैस गोदाम एवं राधा स्वामी सत्संग हॉल के पास स्थित इस स्थान पर कई दिनों से वाहन खड़े रहने के कारण मिट्टी, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट जमा हो गए थे, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता प्रभावित हो रही थी। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जमा कचरे को हटाया तथा पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया।

इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं डालने तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य देशभर में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

सीएसआई विजय लोट ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि जयपुर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाया जा सके। स्थानीय लोगों ने भी निगम की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया।

## नाथद्वारा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' और 'सुदर्शन चक्र 02' के तहत 10 हजार का इनामी वांछित अपराधी गिरफ्तार

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**राजसमंद/नाथद्वारा।** मादक पदार्थों के नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने, संगठित गिरोहों को ध्वस्त करने और युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत नाथद्वारा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 10,000 रुपये के वांछित इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र और सुदर्शन चक्र 02 के तहत यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कलाल, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र पारीक एवं वृताधिकारी नाथद्वारा श्रीमती शिप्रा राजावत के निर्देशन में की गई। उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (IG) द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए जारी अभियान



सुदर्शन चक्र 02 के तहत नाथद्वारा थानाधिकारी कमलेन्द्र सिंह (पु.नि.) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

पुलिस के अनुसार, यह मामला पुलिस थाना कांकरोली में दर्ज 1.176 किलोग्राम अवैध अफीम जब्ती के प्रकरण से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त इस मामले में अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध करवाने का मुख्य वांछित आरोपी था, जिस पर पुलिस ने 10,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

मंडपिया (चित्तौड़गढ़) से हुई गिरफ्तारीः विशेष पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इनामी अभियुक्त कन्हैयालाल उर्फ कानु (उम्र 40 साल), पुत्र शम्भुलाल धाकड़, निवासी कदवासा (थाना सिंगोली, जिला नीमच, मध्य प्रदेश) को मंडपिया (चित्तौड़गढ़) से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे पुलिस अभिरक्षा (Police Custody) में भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन अनुसंधान (पूछताछ) कर रही है।

**कार्रवाई करने वाली जांबाज टीमः** इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में निम्नलिखित पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे..

श्री कमलेन्द्र सिंह (थानाधिकारी, पुलिस थाना नाथद्वारा) - नेतृत्वकर्ता

श्री रिपुदमन सिंह (हैड कानिस्टेबल, थाना नाथद्वारा)

श्री मदन सिंह (हैड कानिस्टेबल, थाना नाथद्वारा)

श्री ओमाराम (कानिस्टेबल, थाना नाथद्वारा)

श्री बुधराम (कानिस्टेबल, साइबर सैल राजसमंद)

## सनाढ्य आदिगौड ब्राह्मण महासभा बूंदी महिला मंडल का स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**बूंदी ।** सनाढ्य आदिगौड ब्राह्मण महासभा समिति जिला बूंदी का के तत्वाधान में चारभुजा मंदिर बालाकुई में महिला मंडल का स्नेह मिलन समारोह रात्रि काल में संपन्न हुआ। इस दौरान महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास मेंधार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विष्णु की विशेष पूजा अर्चना से हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार पद्धति से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिला अध्यक्ष कविता सनाढय सचिव इंदू माया शर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुनीता कटारा,सहसचिव अनुराधा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कुसुम सनाढय, कोषाध्यक्ष सुनीता जोशी,, उपाध्यक्ष लता शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता शर्मा, एवं नुपुर शर्मा द्वारा संगठन को मजबूत करने एवं एकता के सूत्र में रहने तथा ब्राह्मण महासभा महिला मंडल द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास का आध्यात्मिक महत्व, दान पुण्य, और धार्मिक अनुष्ठानों की महिमा का प्रसार करना, सनातन धर्म और ब्राह्मण परंपराओं और कर्मकांड के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना,आदि बिंदुओं पर सभी ने अपने-अपने विचार प्रकट कीये, उन्होंने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर यह संगठन मदद के लिए बढ़ाएगा हाथ। कार्यक्रम के बाद महिला मंडल द्वारा भगवान के गीतों पर झूम-झूम कर नृत्य किया गया एवं भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। उसके बाद महिला मंडल द्वारा 21 जोड़ों को सामूहिक भोजन करवा कर प्रसादी वितरण की गई। महिला मंडल के पदाधिकारीयों ने कहां की सनाढ्य आदिगौड ब्राह्मण महासभा समिति बूंदी द्वारा इस पूरे महीने को केवल भक्ति और जन कल्याण के कार्यों को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान ललिता शर्मा, मीनाक्षी दुबे, ज्योति शर्मा, प्रेम शर्मा, प्रतिभा शर्मा, सुमन शर्मा, अनीता शर्मा, रेणुका विशिष्ट, एकता शर्मा, वर्षा शर्मा, सुनीता सनाढ्य वंदना शर्मा संगीता कौशल सुदर्शना तिवारी, प्रेमलता शर्मा, निशा तिवारी, आदि काफी संख्या में महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे और पूरे दिन यह धार्मिक आयोजन कार्यक्रम चला।

## कोटा मंडल में 'परख' से निरीक्षण व्यवस्था हुई अधिक आधुनिक और प्रभावी

### स्वचालित निरीक्षण वाहन से अधिकारियों को मिला तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक निरीक्षण माध्यम

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में स्वचालित स्व-चालित निरीक्षण वाहन (एसपीआईसी) 'परख' निरीक्षण कार्यों को अधिक आधुनिक, प्रभावी एवं सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह वाहन विभिन्न विभागों के अधिकारियों को रेलखंड, स्टेशनों, समपार फाटकों, पुलों, ओवरहेड विद्युत उपकरणों तथा अन्य रेलवे परिसंपत्तियों का निरीक्षण करने के लिए एक समर्पित एवं स्वायत्त परिवहन माध्यम उपलब्ध करा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि 'परख' के संचालन से निरीक्षण कार्यों के लिए लोकोमोटिव अथवा अन्य रेल संसाधनों पर निर्भरता समाप्त हुई है। इससे निरीक्षण कार्यक्रमों का संचालन अधिक सुगमता और लचीलापन के साथ किया जा रहा है तथा परिचालन संसाधनों का भी बेहतर उपयोग सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि वाहन में जीपीएस आधारित लोकेशन ट्रैकिंग, सीसीटीवी कैमरे, वायरलेस इंटरनेट सुविधा तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के कारण निरीक्षण के दौरान आवश्यक सूचनाओं का संकलन और विश्लेषण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। 'परख' अधिकारियों को रेल परिसंपत्तियों के व्यापक निरीक्षण के लिए तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध करा रही है। इससे निरीक्षण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा रेलवे की संरक्षा एवं अनुरक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिल रही है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भूजल विभाग ने आमजन को किया जल संरक्षण के प्रति जागरूक



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भूजल विभाग, कोटा द्वारा जल संरक्षण को बडावा देने एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यालय वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक, भूजल विभाग, कोटा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के तहत निर्मित विभिन्न स्थानों पर रिचार्ज पिटों की साफ-सफाई की। इस दौरान खैराबाद पंचायत समिति क्षेत्र की पीपल्दा, बडोदिया कला, चेचट, सालेरा खुर्द, अलोद, खेडारूदा एवं मोडक स्टेशन ग्राम पंचायतों में निर्मित सोक पिटों एवं छत आधारित वर्षा जल संग्रहण संरचनाओं का अवलोकन कर उनकी उपयोगिता एवं प्रभावशीलता का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण के महत्व पर चर्चा करते हुए आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ जनसंवाद कर जल संकट की चुनौतियों तथा उनके संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण करने, जल स्रोतों के संरक्षण तथा जल का मितव्ययता एवं जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा गया कि प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। अभियान के माध्यम से लोगों को जल बचाने, पर्यावरण संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

## मंडावरा के विद्यालयों को पीएम श्री योजना में शामिल करने व विकास कार्यों हेतु लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**कोटा/बडौद। मंडावरा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के टकरावाड़ा गांव प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। देहात व्यापार संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय मंडावरा को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित करने की मांग रखी। ज्ञापन में बताया गया कि राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय मंडावरा पीएम श्री विद्यालय के लिए निर्धारित अधिकांश मापदंडों को पूरा करता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग़लत आर्थिक और विदेश नीति की वजह से देश में आर्थिक मंदी पैदा हुई है राहुल गांधी

### पुष्कर में आयोजित संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षो के प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन राहुल गांधी ने लिया भाग, जिलाध्यक्ष भानुप्रताप से कोटा की राजनीतिक स्थिति पर किया संवाद, जिलाध्यक्षों को दिए संगठन मजबूत करने के टिप्स

### कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत कर विचारधारा को जन जन तक पहुचायेंगे भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को करेंगे उजागर-भानुप्रताप

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**अजमेर।** पुष्कर में आयोजित संगठन सृजन अभियान के तहत पुष्कर में चल रहे दस दिवसीय जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन सोमबार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाग लिया और शिविर को संबोधित कर संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण विचार साझा किए। राहुल गांधी ने बताया कि देश में आर्थिक मंदी का दौर है इसका कारण बेरोजगार, महंगाई ग़रीबी बड रही है, अमरीका के दबाव में भारत सरकार और प्रधानमंत्री महँगा तेल अमेरिका से ख़रीद रहे है और ईरान और रूस के तेल की क़ीमत कम है ! महंगा तेल खरीदने से ट्रांसपोर्ट महंगा हो गया जिससे महंगाई बढ़ी है! इस अवसर पर कोटा देहात अध्यक्ष भानु प्रताप से राहुल गांधी ने वार्ता कर संवाद कर कोटा जिले की जानकारी ली। राहुल गांधी ने मौजूदा राजनीतिक स्थिति हालातो को लेकर विस्तृत संवाद किया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने व जनता के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाने के महत्वपूर्ण सुझाव देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भानुप्रताप ने बताया कि 10 दिवसीय शिविर में संगठन निर्माण, जनसंवाद और बूथ प्रबंधन को लेकर बहुत कुछ सीखने को मिला। राहुल गांधी का मार्गदर्शन हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का काम करता है। सोमवार को अंतिम दिन शिविर में भानुप्रताप ने राहुल गांधी को संवाद के माध्यम से स्पष्ट किया कि संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है हम कोटा में हर बूथ, हर वार्ड तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाएंगे और जनता की लड़ाई लड़ेंगे। राहुल गांधी ने राजस्थान में आने वाले निकाय एवं पंचायत चुनावों पर विशेष जोर देते हुए जिलाध्यक्षों को चुनाव लड़ने की रणनीति, बूथ मैनेजमेंट और प्रत्याशी चयन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए । गांधी ने कहा कि निकाय और पंचायत चुनाव कांग्रेस के लिए संगठन की परीक्षा है। हर वार्ड, हर पंचायत में जनता से सीधा संवाद कर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करना है। राहुल गांधी जी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज है और हमें मिलकर संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कहा, संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। हमें बूथ स्तर तक मजबूत बनना है, जनसंपर्क बढ़ाना है और जनता के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाना है। आइए, हम मिलकर राजस्थान और देश के भविष्य के लिए काम करें। संगठन सशक्त बनेगा, तो कांग्रेस मजबूत बनेगी। हमें हर बूथ, हर वार्ड तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचानी है।



# बूंदी कांग्रेस जिलाध्यक्ष महावीर मीणा परिवार सहित राहुल गांधी से मिले

## जिलाध्यक्ष मीणा की राहुल गांधी से संगठनात्मक चर्चा,बूंदी आने का दिया निमंत्रण

अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी से सोमवार को पुष्कर में बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा अपनी धर्मपत्नी नीलू मीणा और बेटे शुभम मीणा के साथ मिले। बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से संगठनात्मक चर्चा की।

### लोकसभा चुनाव का फीडबैक दिया

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से संगठनात्मक चर्चा के दौरान बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने राहुल गांधी को कोटा बूंदी लोकसभा चुनाव का फीडबैक दिया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा से कहा कि आई नो वेल।




### राहुल गाँधी को बूंदी आने का दिया निमंत्रण

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बूंदी आने का निमंत्रण दिया। राहुल गांधी सोमवार को पुष्कर में आयोजित राजस्थान के कांग्रेस जिला अध्यक्षों के शिविर में पहुंचे थे।

### निडर होकर कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करें

देश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पुष्कर में बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा और उनके परिवार से संगठनात्मक चर्चा के दौरान महावीर मीणा से कहा कि निडर होकर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें।

### राहुल गांधी से मिलकर खुश हुआ परिवार

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिलकर बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा की धर्मपत्नी नीलू मीणा और उनके बेटे सहित पूरा परिवार फूले नही समाया। महावीर मीणा के पुत्र शुभम मीणा ने मंगलवार को बूंदी लौटकर कहा कि राहुल गांधी की सादगी व सहजता सभी को प्रभावित करने वाली है। बूंदी कांग्रेस के अध्यक्ष महावीर मीणा की धर्मपत्नी नीलू मीणा कांग्रेस पार्टी से पंचायत समिति की प्रत्याशी रही है और नैनवां से रसद आवंटन समिति की सदस्य भी रही है।

## उदयपुरवाटी नगर पालिका की पूर्व पार्षद संतरा देवी का निधन

### पूर्व पार्षद के निधन से कस्बे में शोक की लहर

### कई सामाजिक संगठनों ने किया गहरा दुख व्यक्त

अतुल्य संसार नेटवर्क



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव ।** कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थित सीकर रोड पर नगरपालिका की पूर्व पार्षद संतरा देवी धर्मपत्नी बनवारीलाल सैनी आढ़तिया का आकस्मिक निधन हो गया है ।संतरा देवी वर्ष 1995 में उदयपुरवाटी नगरपालिका की पार्षद रहीं हैं। पूर्व पार्षद के निधन पर शहर के जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व पार्षद संतरा देवी के निधन से कस्बे में शोक की लहर है द्य पचलंगी के समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने बताया कि पूर्व पार्षद स्वर्गीय संतरा देवी बहुमुखी प्रतिभा की धनी थी द्य थी द्य संतरा देवी के आकस्मिक निधन पर पचलंगी के समाजसेवी मदनलाल भावरिया एडवोकेट मोतीलाल सैनी, गुरुकुल लाइब्रेरी के सुनील कुमार सैनी, सुमेर सिंह राव, लोकेश राठी, लक्ष्मण राम सैनी, अजय तसीड, मूलचंद सैनी कारखाना वाले, आर पी कंप्यूटर सेंटर के रामप्रसाद सैनी सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवकों ने पूर्व पार्षद संतरा देवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है।

## विधानसभाओं में तेजी से बिल पास करने का चलन बढ़ा

### औसतन विधानसभाएं सिर्फ 24 दिन चलीं; 30% विधेयक एक दिन में पास



**नई दिल्ली।** राज्यों की विधानसभाओं में तेजी से बिल पास करने का चलन बढ़ा है। पीआरएस लेजिस्लेटिव की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में 30% विधेयक उसी दिन पारित कर दिए गए, जिस दिन उन्हें सदन में पेश किया गया। औसतन विधानसभाएं सिर्फ 24 दिन चलीं।

### बजट पर औसतन 8 दिन चर्चा

2025 में विधानसभाओं में बजट पर औसतन 8 दिन चर्चा हुई। तमिलनाडु में बजट पर 27 दिन बहस चली। पंजाब ने बजट चर्चा सिर्फ 2 दिन में खत्म की।

### 1950 के दशक में 90-120 दिन चलती थी विधानसभा

1950 के दशक में भारत में राज्य विधानसभाओं का कामकाज काफी सक्रिय और लंबा होता था। उस दौर में देश की विधानसभाएं साल में औसतन 60 से 70 दिन तक चलती थीं। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मद्रास (अब तमिलनाडु) जैसे बड़े राज्यों की विधानसभाओं की बैठकें साल में 90 से 120 दिन से भी अधिक समय के लिए बुलाई जाती थीं।

## उदयपुर सिटी के पास गुजरात बॉर्डर पर प्रतिनिधिमंडल का हुआ जोरदार स्वागत

### शगुन होटल में कुमावत समाज के लोगों ने किया प्रतिनिधिमंडल का अभिनंदन

### गुजरात सफल दौरे के बाद आज पहुंचेगा प्रतिनिधि मंडल झड़ाया

अतुल्य संसार नेटवर्क



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर 17 जून से आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर गुजरात के दौरे पर गया प्रतिनिधिमंडल आज झडाया बजरंग धाम आश्रम पहुंचेगा द्य मिली जानकारी के अनुसार गुजरात में प्रतिनिधिमंडल का जगह-जगह मारवाडियो द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया द्य गुजरात के डभाण मैं नीमकाथाना के पास स्थित नापाहाली के कैलाश जांगिड़, राजेंद्र जांगिड़, अशोक जांगिड़, मनीष जांगिड़ पुत्र स्वर्गीय गोवर्धन जांगिड़ ने प्रतिनिधिमंडल का जोरदार अभिनंदन किया और कहा की यज्ञ में परिवार सहित अवश्य पधारेंगे द्य रास्ते में गुजरात बॉर्डर पर उदयपुर सिटी के पास शगुन होटल में भी प्रतिनिधिमंडल का जोरदार अभिनंदन किया गया द्य झडाया बजरंग धाम आश्रम के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में प्रतिनिधि मंडल का माला व दुपट्टा पहना कर शगुन होटल में जोरदार स्वागत किया गया द्य शगुन होटल में राकेश कुमावत, विनोद कुमावत, हीरालाल कुमावत ,गजेंद्र कुमावत ,नरेंद्र कुमावत ,रमेश कुमावत महाराज श्री को आश्वासन दिया कि यज्ञ में आकर आवश्य सेवा देंगे द्य राजस्थानी प्रवासियों का यज्ञ में अच्छा खासा सहयोग रहेगा द्य यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने बताया कि यज्ञ को लेकर गुजरात सहित पूरे हिंदुस्तान में लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है द्य आपको बता दें गुजरात के दौरे पर गए प्रतिनिधि मंडल में यज्ञ सेवा समिति के संयोजक मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज , अध्यक्ष मदनलाल भावरिया, महादेव जांगिड़ ,गोविंद जांगिड़ आदि शामिल है।

## अन्नामलाई ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने सुबह बीजेपीअध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से भी मुलाकात की थी। उनके बीजेपीछोड़ने की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक, अन्नामलाई भाजपा से बिना टकराव वाली सम्मानजनक विदाई चाहते हैं। इसके बाद वे तमिलनाडु में 'राष्ट्रवादी-तमिल दर्शन' आधारित गैर-राजनीतिक आंदोलन शुरू करेंगे, जिसे जनभावनाओं के आधार पर बाद में राजनीतिक दल में बदला जा सकता है। अन्नामलाई 7 जून को अपने कोर समर्थकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति का ऐलान कर सकते हैं। युवा वोटबैंक में उनकी पकड़ को देखते हुए उनके अगले कदम पर राजनीतिक दलों की नजर है। यह भी चर्चा है कि आरएसएस चाहता है कि अन्नामलाई सार्वजनिक जीवन में सक्रिय बने रहें। अन्नामलाई ने CBSE की तीन-भाषा नीति को मौजूदा सत्र से लागू करने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय से इसे 2029-30 शैक्षणिक सत्र से लागू करने की मांग की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, AIADMK के साथ BJP के गठबंधन को लेकर अन्नामलाई सहमत नहीं थे। हालांकि बाद में उन्होंने NDA के लिए चुनाव प्रचार किया था। राजनीतिक विश्लेषक सुमंत सी. रमन के मुताबिक, अन्नामलाई की एन मन्न, एन मक्कल पदयात्रा के बाद तमिलनाडु में BJP का वोट शेयर 2021 के 3त्न से बढ़कर 2024 में 11त्न तक पहुंचा था, जो 2026 में फिर 3% पर है। ऐसे में उनके अगले राजनीतिक कदम को राज्य की राजनीति के लिए अहम माना जा रहा है।

## चांदी 2,050 बढ़कर 2.65 लाख किलो पर पहुंची

### इस साल 35 हजार महंगी हुई, सोना आज 758 बढ़कर 1.56 लाख हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 758 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 2,050 रुपए बढ़कर 2.65 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# भारत-ओमान में मुक्त व्यापार शुरू, गुजरात के निर्यातकों की खुली किस्मत !

भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो गया है, जिसके तहत भारत के 99.38% निर्यात को ओमान में ड्यूटी-फ्री एंट्री मिलेगी। इस ऐतिहासिक समझौते से यूपी के पीतल व कालीन, उत्तराखंड के जैविक उत्पादों और गुजरात के हीरे व सिरेमिक समेत 25 से अधिक राज्यों के निर्यात क्लस्टरों को जबरदस्त फायदा होगा।


**गांधी नगर।** भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) सोमवार से लागू हो गया है। इसके तहत भारत के 99.38% निर्यात को ओमान में ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। वहीं ओमान की 98.08% टैरिफ लाइनों पर शून्य-शुल्क पहुंच होगी। समझौते से यूपी, उत्तराखंड, गुजरात समेत 25 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के निर्यात क्लस्टरों को लाभ मिलेगा। समझौते के एलान के साथ ही मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से कृषि, रत्न एवं आभूषण की 10 खेपें ओमान रवाना हो गईं।

### पीयूष गोयल और ईसा सालेह ने किया समझौते का एलान

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व भारत में ओमान के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी ने सोमवार को समझौते का एलान किया। इसके जरिये कृषि, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग वस्तुएं, कपड़ा, फुटवियर और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क समाप्ति और निर्यात विस्तार का अवसर मिलेगा।

# गुजरात में 2 बसों की टक्कर में 7 की मौत

## 10 से ज्यादा घायल, डिवाइडर क्रॉस कर एक बस से दूसरी टकराई







**सूरत।** गुजरात में सूरत जिले के बारडोली के पास मंगलवार दोपहर को दो बसें टकरा गईं।

हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हो गए।

टक्कर के बाद एक बस के पलटते ही उसमें आग लग गई थी। इसके चलते कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड, मेडिकल और रेस्क्यू टीमें पहुंच गई हैं। दोनों बसें महाराष्ट्र की हैं। हादसा सड़क पर पलटे एक टैंकर को बचाने की कोशिश के दौरान हुआ।

टैंकर की टक्कर से बचाने की कोशिश में एक बस ड्राइवर का स्टीयरिंग पर कंट्रोल नहीं रहा और बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।

दोनों ही बसें स्पीड में थीं। इनमें एक बस में सड़क किनारे पलटते ही आग लग गई।

सभी घायलों को बारडोली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

### घायलों को तीन अस्पतालों में भर्ती कराया गयाः कलेक्टर

कलेक्टर तेजस पटेल ने दुर्घटना के बारे में बताया कि यह हादसा शाम 4-30 बजे हुआ। 17 घायलों का इलाज बारडोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में किया जा रहा है और उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। घायलों को तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों द्वारा किया जा रहा है। 7 घायलों को सूरत सिविल अस्पताल रेफर किया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है।

# सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव को हटाया

## विवादित ऑन स्क्रीन मार्किंग के टेंडर की जांच के आदेश, आज री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑन स्क्रीन मार्किंग विवाद के बीच CBSE के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा OSM सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। OSM प्रणाली में गडबडी का खुलासा करने वाले 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत आज दोपहर एक बजे संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी मामले में कोई स्टूडेंट अपनी बात रखने के लिए बुलाया गया। उधर, CBSE के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक हुआ। CBSE के अनुसार, 2 मिनट में 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। हालांकि, साइबर अटैक के बावजूद पोर्टल काम करता रहा और दोपहर 3 बजे तक 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन कर दिया। यह पोर्टल सोमवार से शुरू होना था। दरअसल, 13 मई को CBSE ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया था। इस बार पहली बार कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन (OSM सर्विस) पर चेक की गई थीं। रिजल्ट आने के बाद कई छात्रों ने नंबरों को लेकर शिकायत की, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई है।




### स्टूडेंट ने संसदीय समिति को बताया- OSM में 15 खामियां

सार्थक सिद्धांत ने संसद की स्थायी समिति के सामने **OSM** प्रणाली के लागू होने और इसके टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। सार्थक सिद्धांत ने कहा, 'मेरे ब्लॉग के अनुसार कम से कम 15 खामियां हैं।' इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने **CBSE** से कोएम्प्ट को टेंडर देने को लेकर बोर्ड से रिपोर्ट मांगी। संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया, सार्थक ने समिति के समक्ष अपनी बात रखी है। अब समिति उनके उठाए गए मुद्दों और **CBSE** के जवाबों पर विचार करेगी।

### OSM की गडबडी सामने लाने वाले 2 छात्र, दोनों ने परीक्षा दी

**वेदांत से बोर्ड ने मांफी मांगी:** दिल्ली के वेदांत श्रीवास्तव ने भी 12वीं की परीक्षा दी थी। फिजिक्स में 65 नंबर मिले तो उन्होंने आवाज उठाई। रीवैल्युएशन में कॉपी मिली तो गडबडी का पता चला। पहले उन्हें डसोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलर्स ने उन्हें देशद्रोही तक कहा, बाद में बोर्ड ने गलती मानी और माफी मांगी।

**सार्थक ने टेंडर में गड़बड़ी निकाली:** रांची के 17 साल के सार्थक सिद्धांत टेक रिसर्चर हैं। उन्होंने भी परीक्षा दी थी। उन्होंने एक आम छात्र से आगे बढ़कर एक खोजी पत्रकार/डेटा साइंटिस्ट की तरह काम किया। सीबीएसई की तरफ से जारी पिछले 576 दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन और तुलना कर टेंडर में गडबडी का खुलासा किया।

### COEMPT पर तेलंगाना बोर्ड एग्जाम में गडबडी के आरोप

**COEMPT** एडुटेक तेलंगाना के हैदराबाद की कंपनी है। ये फर्म तेलंगाना, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में डिजिटल इवैल्युएशन का काम करती है। 2019 में इसका नाम ग्लोबरेना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड था। तब इस पर तेलंगाना में 12वीं के बोर्ड एग्जाम में डेटा प्रोसेसिंग में गडबडी के आरोप लगे थे। उस साल राज्य में 9.74 लाख में से 3 लाख से ज्यादा बच्चे फेल हो गए थे।

### रिजल्ट से री-इवैल्यूएशन तक, अब तक क्या-क्या हुआ


**13 मई**- CBSE ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किए।
**19 मई**- पोस्ट रिजल्ट शिकायतों के समाधान के लिए पोर्टल खोला, लेकिन पहले ही दिन क्रैश हो गया।
**22 मई**- तीन बार एक-एक दिन के लिए आंसरशीट की फोटोकॉपी लेने की तारीख बडाई गई।
**25 मई**- पोर्टल दुरुस्त करने के लिए देश के दो आईआईटी से मदद मांगी गई।
**1 जून**- OSM का रीवैल से जुडा पोर्टल दिन भर नहीं खुल सका।
**2 जून**- बोर्ड ने पोर्टल लाइव करने की घोषणा की, यह 6 जून तक ओपन रहेगा।

### संसदीय समिति में 31 सांसद

संसदीय समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 31 सांसद शामिल हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह इसके अध्यक्ष हैं। समिति शिक्षा से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करती है। इसके लिए वह अधिकारियों, संस्थानों और अन्य पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुन सकती है और उनसे जवाब मांग सकती है। यह समिति एनटीए और नीट यूजी परीक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा में रही है। दिसंबर 2025 में पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा था कि एनटीए का प्रदर्शन भरोसा नहीं जगा पाया है। समिति ने परीक्षा संचालन में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और निजी एजेंसियों पर निर्भरता कम करने की सिफारिश की थी।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

### राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से 5 मौतें, मानसून 4 जून को केरलम पहुंच सकता है




**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे है। अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार के कई इलाकों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। कई जगह बादल छाने से तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के नीमच में सोमवार रात मकान की छत ढहने से मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में दीवार ढहने से दो बच्चों सहित 3 लोगों की मौत हो गई।


# पहलगाम हमले में इस्तेमाल मोबाइल कराची-लाहौर से आए थे

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नया खुलासा किया है। एनआईए के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से ऑरेंज कलर का RedMi 9T और एक ब्लैक कलर का RedMi Note 12 बरामद हुआ था। NIA के मुताबिक दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल 2021 और 2023 में चीन की कंपनी Xiaomi की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। RedMi 9T कराची की कंपनी टेक सिराट प्राइवेट लिमिटेड ने इम्पोर्ट कराकर कराची डिलीवर कराया था। NIA ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल के नेविगेशन एप AlpineQuest में बैसरन की लोकेशन सेव मिली।

# टीएमसी से निष्कासित 2 विधायक बोले- हम असली तृणमूल

## हमारे साथ 50 से ज्यादा एमएलए, विपक्ष के नेता का पद और चुनाव चिन्ह मिले

**कोलकाता।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं। रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा- विपक्ष के नेता ऋत्ब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए। बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं। इधर, सोमवार को टीएमसी से निकाले गए 2 विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के एमएलए हॉस्टल में TMC के कई विधायकों के साथ मीटिंग की। इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए।



### टूट की संभावनाओं पर 3 बयान

**बीजेपी ने कहा- टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद:** पश्चिम बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हमने किसी को बाहर से लाए बिना 207 का आंकड़ा छू लिया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति जमीनी स्तर से शुरू हुई। हम ऐसे लोगों को अपनी पार्टी में कैसे शामिल कर सकते हैं जो दागी हैं? बीजेपी का तृणमूलीकरण कभी नहीं होगा।

**टीएमसी का दावा- ज्यादातर विधायक ममता के साथ रहेंगे:** टीएमसी के शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि पार्टी के ज्यादातर विधायक दलबदल की अटकलों के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ ही रहेंगे और टीएमसी के पुराने नेता संगठन पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे।

**कांग्रेस बोली- लगता नहीं टीएमसी जिंदा रह पाएगी:** कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि ममता ने जो बोया, वही काट रही हैं। असलियत यह है कि उनके पास विरोध करने के लिए लोग ही नहीं हैं। मुझे नहीं लगता टीएमसी आगे जिंदा रह पाएगी। टीएमसी के कार्यकर्ताओं में बहुत असंतोष है। ममता को अब 'INDIA' ब्लॉक को मजबूत करने के बारे में सोचना चाहिए।

### टीएमसी टूट की 3 संभावनाएं

**पहली:** दो तिहाई विधायक भाजपा में शामिल हों। टीएमसी के कुल 80 विधायकों में से दो तिहाई (54 विधायक) भाजपा में शामिल होने का फैसला लें। ऐसे में दलबदल कानून नहीं लगेगा। हालांकि भाजपा ने इनकार कर दिया है।

**दूसरी:** टीएमसी में 2 गुटों में बंट जाए। एक ग्रुप पार्टी से अलग होकर असली टीएमसी का दावा करे। इसके लिए भी 54 विधायकों के समर्थन की जरूरत होगा। अगर ऐसा होता है तो बड़े गुट के दावे पर चुनाव आयोग फैसला लेगा। मामला कोर्ट भी जा सकता है।

हालांकि इसके लिए दो-तिहाई यानी 28 में से 19 लोकसभा सांसदों की भी जरूरत भी होगी। किसी पार्टी के बागी नेताओं के लिए सिर्फ विधानसभा संख्या ही निर्णायक नहीं होती। शिवसेना और एनसीपी मामलों में निर्वाचन आयोग ने केवल विधायक नहीं देखे थे, बल्कि यह भी देखा था कि कितने सांसद किसके साथ हैं, पार्टी संगठन किसके साथ है, अधिकृत पदाधिकारी किसके साथ हैं। अगर नया गुट सांसदों को अपनी तरफ नहीं ला पाता है तो उन्हें विधानसभा में नेता विपक्ष का पद तो मिल सकता है, लेकिन पार्टी का नाम और चिन्ह नहीं मिल सकता। अगर टीएमसी के विधायक टूट जाएं, लेकिन सांसद, संगठन, जिला अध्यक्ष, राज्य कमेटी और पार्टी संविधान का कंट्रोल ममता के पास रहे, तो बागी गुट को नया दल बनाना पड़ सकता है।

**तीसरा:** नया गुट अलग होकर अपनी नई पार्टी बना सकता है। इसके लिए भी 54 विधायकों को एक साथ टीएमसी छोड़कर नई पार्टी में शामिल होना पड़ेगा।

### इस मामले में संविधान क्या कहता है

अगर किसी राष्ट्रीय/राज्य स्तर की पार्टी के विधायक बागी हो जाएं, तो वे सीधे पार्टी पर दावा नहीं कर सकते। यह मामला मुख्य रूप से दसवीं अनुसूची में दिए दलबदल कानून, पार्टी संगठन के संविधान और निर्वाचन आयोग के नियमों से तय होता है। 91वें संविधान संशोधन (2003) के बाद कम से कम दो-तिहाई विधायक मूल पार्टी से अलग होने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें अयोग्यता से छूट मिल सकती है। इसके बाद चुनाव आयोग यह जांच करता है कि पार्टी पर असली नियंत्रण किसका होगा।

### इसके लिए 4 पॉइंट तय हैं

पार्टी संगठन किसके साथ है?
राष्ट्रीय/राज्य कार्यकारिणी किसके साथ है?
पार्टी संविधान क्या कहता है?
चुने हुए प्रतिनिधियों का समर्थन किसे है?

फर्जी साइन की शिकायत करने पर निकाले गए 2 विधायक सोमवार को ममता बनर्जी ने टीएमसी से 2 विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी से निकाल दिया था। दोनों ने स्पीकर से शिकायत की थी कि पार्टी ने शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने वाले प्रस्ताव में उनके उनके फर्जी साइन किए थे। साहा और बनर्जी का आरोप है कि यह शिकायत करने पर ही दोनों टीएमसी से निकाले गए।

# लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराजः नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई

### कहा- पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन किया।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा- तुम पागल हो गए हो क्या? आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे नाराज है। हर कोई इजराइल से भी नाराज है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।



**1. कुवैत में अमेरिकी ठिकाने पर हमला:** ईरान ने कुवैत में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं जिसे हवा में ही रोक लिया गया। ईरान ने कहा कि उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार है।

**2. अमेरिका-ईरान की बातचीत फिर शुरू:** अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर से पटरी पर लौटती दिख रही है। CNN के मुताबिक दोनों देशों के बीच संपर्क और बातचीत दोबारा आगे बढ़ रही है।

**3. लेबनान पर हमले से ईरान नाराज:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के साथ सीजफायर की शर्तों में लेबनान शामिल है। उस पर हमला पूरे समझौते का उल्लंघन माना जाएगा।

**4. ईरान के द्वीपों पर अमेरिकी हमला:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि उसने ईरान के गोरुक शहर और केश्म द्वीप पर आत्मरक्षा में हमले किए है। इसे पिछले हफ्ते केश्म द्वीप के ऊपर गिराए गए अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन का जवाब बताया जा रहा है। **5. ईरान डील में परमाणु मुद्दों का साफ जिक्र:** ट्रम्प ने कहा कि उनके प्रस्तावित ईरान समझौते में परमाणु मुद्दों का साफ और विस्तार से जिक्र किया गया है। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में कहा गया था कि परमाणु मुद्दों को लेकर दोनों देश बाद में बातचीत करेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।